Series : R5QPS

SET~3

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **58/5/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**नोट**

*(I)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **27** हैं।*

*(II)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

*(III)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।*

*(IV)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

*(V)* *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।* [ ]

**NOTE**

*(I)* *Please check that this question paper contains **27** printed pages.*

*(II)* *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

*(III)* *Please check that this question paper contains **34** questions.*

*(IV)* *Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.*

*(V)* *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है :*
***खण्ड क** – समष्टि अर्थशास्त्र*
***खण्ड ख** – भारतीय आर्थिक विकास*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के **सभी** भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए।*

*(viii)* इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।*

## खण्ड क

## समष्टि अर्थशास्त्र

**1.** निम्नलिखित कथनों : अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* विदेशों से प्रेषण (remittances) को भुगतान संतुलन (BoP) के पूँजीगत खाते के क्रेडिट पक्ष में दर्ज किया जाता है।

*कारण (R) :* ऐसे सभी लेनदेन जिनके कारण शेष विश्व से विदेशी मुद्रा का अन्तर्प्रवाह होता है, भुगतान संतुलन (BoP) के क्रेडिट पक्ष में दर्ज किए जाते हैं।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है।

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper contains **two** sections :*

***Section A** – Macro Economics*

***Section B** – Indian Economic Development*

*(iii)* *This question paper contains **20** Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *This question paper contains **4** Short Answer Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in 60 to 80 words.*

*(v)* *This question paper contains **6** Short Answer Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in 80 to 100 words.*

*(vi)* *This question paper contains **4** Long Answer type questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in 100 to 150 words.*

*(vii)* *Attempt **all** parts of a question together.*

*(viii)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION A

## Macro Economics

**1.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below : *1*

*Assertion (A) :* Transfers from Abroad (remittances) are to be recorded on the credit side of capital account of Balance of Payments (BoP).

*Reason (R) :* All the transactions that lead to inflow of foreign currency from the rest of the world are recorded on the credit side of Balance of Payments (BoP).

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**2.** मान लीजिए कि, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए, आरक्षित अनुपात (RR) 25% से घट कर 20% हो जाता है। यदि प्राथमिक जमा राशि ₹ 1,000 है, तो कुल जमा राशि __________ कर ₹ __________ हो जाएगी। (रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) बढ़, 5,000 (B) घट, 5,000

(C) बढ़, 4,000 (D) घट, 4,000

**3.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन I :* सकारात्मक बाह्यताओं से तात्पर्य उन लाभों से है जो, एक फर्म/व्यक्ति दूसरों को प्रदान करता है, जिसके लिए उन्हें भुगतान की प्राप्ति होती है।

*कथन II :* सकारात्मक बाह्यताओं की स्थिति में, किसी अर्थव्यवस्था का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वास्तविक कल्याण का अधि-आकलन कर सकता है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है और कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है और कथन II सत्य है।

(C) कथन I और II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I और II दोनों असत्य हैं।

**4.** समग्र माँग (AD) में कमी के कारण एक अर्थव्यवस्था पूर्ण रोज़गार से नीचे के स्तर पर संचालित हो सकती है, जिससे __________ रोजगार संतुलन प्राप्त होता है। *1*

(i) पूर्ण

(ii) अधि

(iii) अल्प

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) केवल (i) (B) केवल (ii)

(C) केवल (iii) (D) (ii) और (iii)

**2.** Suppose, for a hypothetical economy, Reserve Ratio (RR) decreases from 25% to 20%, the total deposits would __________ to ₹ __________, if primary deposits are ₹ 1,000. *1*

(Choose the correct option to fill in the blanks)

(A) increase, 5,000 (B) decrease, 5,000

(C) increase, 4,000 (D) decrease, 4,000

**3.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement I :* Positive externalities refer to the benefits a firm/an individual provides to another for which they are paid.

*Statement II :* In case of positive externalities, Gross Domestic Product (GDP) of an economy might lead to an overestimation of the actual welfare.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.

(B) Statement I is false and Statement II is true.

(C) Both Statements I and II are true.

(D) Both Statements I and II are false.

**4.** An economy may operate at a level below full employment due to a deficiency in Aggregate Demand (AD) leading to a/an __________ employment equilibrium. *1*

(i) Full

(ii) Over

(iii) Under

(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) Only (i) (B) Only (ii)

(C) Only (iii) (D) (ii) and (iii)

**5.** मूल्य वर्धित विधि द्वारा राष्ट्रीय आय ($NNP_{FC}$) की गणना करने में निम्नलिखित चरण होते हैं : *1*

(i) $GDP_{MP}$ से मूल्यह्रास व शुद्ध अप्रत्यक्ष करों को घटाकर घरेलू आय ($NDP_{FC}$) की गणना करना।

(ii) प्रत्येक फर्म के GVA को जोड़कर $GDP_{MP}$ का अनुमान लगाना।

(iii) $NNP_{FC}$ पर पहुँचने के लिए विदेशों से प्राप्त शुद्ध कारक आय का अनुमान लगाना और उसे $NDP_{FC}$ में जोड़ना।

(iv) उत्पादन इकाइयों को प्राथमिक, द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्र में पहचानना व वर्गीकृत करना।

चरणों की व्यवस्था का सही क्रम होगा :

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) (ii), (iii), (i), (iv)   (B) (iv), (ii), (i), (iii)

(C) (iv), (ii), (iii), (i)   (D) (iii), (iv), (ii), (i)

**6.** किसी भी फर्म के लिए देनदारियाँ उसका ऋण/दूसरों पर उसका बकाया होता है। इसके विपरीत, बैंक के लिए ______ मुख्य देनदारी होती है/हैं। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) ऋण   (B) भंडार (reserves)

(C) जमाएँ   (D) सम्पत्तियाँ

**7.** मुद्रा आपूर्ति एक __________ चर है क्योंकि, यह किसी विशेष समय पर __________ द्वारा रखी गई मुद्रा की कुल मात्रा को संदर्भित करता है। *1*

(रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) स्टॉक, बैंक   (B) प्रवाह, बैंक

(C) स्टॉक, जनता   (D) प्रवाह, जनता

**8.** नम्य विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत, विनिमय दर का निर्धारण __________ द्वारा किया जाता है। *1*

(i) सरकार

(ii) माँग व आपूर्ति

(iii) केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) केवल (i)   (B) केवल (ii)

(C) केवल (iii)   (D) (ii) और (iii)

**5.** Following are the steps to measure National Income ($NNP_{FC}$) by Value Added method : *1*

(i) Calculate Domestic Income ($NDP_{FC}$) by subtracting Depreciation and Net Indirect Taxes from $GDP_{MP}$.

(ii) Estimate $GDP_{MP}$ by adding GVA of each firm.

(iii) Estimate and add Net Factor Income from Abroad to $NDP_{FC}$ to arrive at $NNP_{FC}$.

(iv) Identify and classify the production units into primary, secondary and tertiary sector.

The correct order of arrangement of steps would be :

(Choose the correct option)

**Options :**

(A) (ii), (iii), (i), (iv)  (B) (iv), (ii), (i), (iii)

(C) (iv), (ii), (iii), (i)  (D) (iii), (iv), (ii), (i)

**6.** Liabilities for any firm are its debt/what it owes to others. Contrary to that, for a bank __________ are the main liability. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) loans  (B) reserves

(C) deposits  (D) assets

**7.** Money supply is a __________ variable, as it refers to the total volume of money held by the __________ at a particular point of time. *1*

(Choose the correct option to fill in the blanks)

(A) stock, banks  (B) flow, banks

(C) stock, public  (D) flow, public

**8.** Under the flexible exchange rate system, the exchange rate is determined by the __________ . *1*

(i) Government

(ii) Demand and supply

(iii) Intervention of the Central Bank


(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) Only (i)  (B) Only (ii)

(C) Only (iii)  (D) (ii) and (iii)

**9.** दिए गए चित्र के संदर्भ में, OL __________ को दर्शाता है। *1*




(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(i) स्वायत्त उपभोग
(ii) स्वायत्त निवेश
(iii) प्रेरित उपभोग
(iv) प्रेरित निवेश

**विकल्प :**

(A) केवल (i)
(B) केवल (ii)
(C) (i) और (ii) का योग
(D) (i) और (iii) का योग

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***9*** *के स्थान पर है।*

__________ से तात्पर्य उस उपभोग से है, जो कि आय के स्तर से स्वतंत्र होता है। *1*
(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)


(A) स्वायत्त उपभोग

(B) प्रेरित उपभोग

(C) समस्तर (Break-even level)

(D) स्वायत्त निवेश और उपभोग

**9.** With reference to the given diagram, OL indicates __________ . *1*




(Choose the correct option to fill in the blank)

(i) Autonomous Consumption (ii) Autonomous Investment

(iii) Induced Consumption (iv) Induced Investment

**Options :**

(A) Only (i) (B) Only (ii)

(C) Sum of (i) and (ii) (D) Sum of (i) and (iii)

***Note :** The following question is for **Visually Impaired candidates** only in lieu of Q. no. **9**.*

__________ refers to that consumption, which is independent of the level of income. (Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) Autonomous Consumption

(B) Induced Consumption

(C) Break-even level

(D) Autonomous Investment and Consumption

**10.** "सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के आधार वर्ष में संशोधन कर रहा है। अर्थव्यवस्था में हो रहे संरचनात्मक परिवर्तनों को बेहतर ढंग से दर्शाने के लिए आधार वर्ष को समय-समय पर संशोधित किया जाता है। सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के लिए नया प्रस्तावित आधार वर्ष 2022 – 23 है।"

भारत सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम __________ सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में संशोधन के लिए है क्योंकि, इसे __________ मूल्यों पर मापा जाता है। *1*

(रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) वास्तविक, स्थिर
(B) मौद्रिक, वर्तमान
(C) वास्तविक, वर्तमान
(D) मौद्रिक, स्थिर

**11.** दिए गए आँकड़ों के आधार पर 'संपत्ति व उद्यमशीलता से आय' के मूल्य का आकलन कीजिए : *3*

| *क्रम संख्या* | *मदें* | *राशि (₹ करोड़ में)* |
|---|---|---|
| (i) | नकद मजदूरी व वेतन | 1,000 |
| (ii) | सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में नियोक्ता का योगदान | 300 |
| (iii) | किराया | 500 |
| (iv) | नियोक्ता द्वारा किराया-मुक्त आवास | 700 |
| (v) | रॉयल्टी | 200 |
| (vi) | ब्याज | 150 |
| (vii) | निगम कर | 70 |
| (viii) | निजी निगमित क्षेत्र की बचत | 130 |
| (ix) | अप्रत्यक्ष कर | 40 |
| (x) | लाभांश | 60 |

**12.** (क) "रेपो दर व बैंक दर दो पृथक उपाय हैं, परन्तु उनमें से किसी में भी परिवर्तन से अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति पर एकसमान प्रभाव पड़ सकता है।"

अपने उत्तर के समर्थन में वैध स्पष्टीकरण देते हुए, दिए गए कथन का समर्थन अथवा खंडन कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) "भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) भारत में मुद्रा नोट जारी करने के लिए एकमात्र प्राधिकरण है, जिसमें ₹ 1 मूल्यवर्ग का अपवाद है, जिसे वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? इस मामले में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के एकाधिकार के पीछे के तर्काधार की व्याख्या कीजिए। *3*

**10.** "The Ministry of Statistics and Programme Implementation (MoSPI) is underway to revise the base year of Gross Domestic Product (GDP). The base year is revised periodically to better capture the structural changes happening in the economy. The proposed new base year for the GDP is 2022 – 23."

The step taken by the Government of India is for revision of ___________ Gross Domestic Product (GDP), as it is measured at ___________ prices. *1*

(Choose the correct option to fill in the blanks)

(A) Real, constant
(B) Nominal, current
(C) Real, current
(D) Nominal, constant

**11.** Estimate the value of 'Income from Property and Entrepreneurship' on the basis of the given data : *3*

| *S. No.* | *Items* | *Amount (in ₹ crore)* |
|---|---|---|
| (i) | Wages and salaries in cash | 1,000 |
| (ii) | Employer's contribution to social security schemes | 300 |
| (iii) | Rent | 500 |
| (iv) | Rent-free accommodation by employer | 700 |
| (v) | Royalty | 200 |
| (vi) | Interest | 150 |
| (vii) | Corporate Tax | 70 |
| (viii) | Savings of private corporate sector | 130 |
| (ix) | Indirect Taxes | 40 |
| (x) | Dividends | 60 |

**12.** (a) "Repo Rate and Bank Rate are two different measures, but a change in either of them may have the similar implication on the money supply in an economy."

Defend or refute the given statement, giving valid explanation in support of your answer. *3*

**OR**

(b) "The Reserve Bank of India (RBI) is the sole authority for issuing currency notes in India, with an exception of ₹ 1 denomination that is issued by the Ministry of Finance."

Do you agree with the given statement ? Explain the rationale behind the monopoly enjoyed by the Reserve Bank of India (RBI) on this front. *3*

13. (क) भुगतान संतुलन (BoP) खाते की परिभाषा दीजिए। *1*

(ख) भुगतान संतुलन (BoP) के चालू खाते व पूँजी खाते में अंतर स्पष्ट कीजिए। *3*

14. निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

"घरेलू निजी उपभोग व निवेश को प्रोत्साहित करके विकास गति में सुधार लाने के उद्देश्य से, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा नकद आरक्षित अनुपात (CRR) में 100 आधार अंकों (1%) की कटौती की घोषणा की गई है।"

उपर्युक्त गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा उठाए गए इस कदम के पीछे के संभावित कारण की व्याख्या कीजिए। *2*

(ii) समग्र माँग (AD) पर भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा उठाए गए कदम के प्रभाव को संक्षेप में समझाइए। *2*

15. (क) टेक इन्फो लिमिटेड नामक एक कंपनी प्रिंटरों का निर्माण करती है। यह प्रिंटर बनाने के लिए जर्मनी से मशीनों का क्रय करती है। ये प्रिंटर घरेलू व विदेशी बाज़ारों में गृहस्थों तथा व्यापारियों को विक्रय किए जाते हैं। क्रय की गई मशीनरी व निर्मित प्रिंटर दोनों को अंतिम वस्तुओं के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में वैध तर्क दीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) (i) सकल निवेश को परिभाषित कीजिए। *1*

(ii) दिए गए चित्र में दर्शाए गए सकल निवेश के किन्हीं दो घटकों की पहचान कीजिए। *1*

**सकल निवेश**

| पैनल A | पैनल B | पैनल C |
|---|---|---|
|  |  |  |

(iii) सकल निवेश के किसी एक घटक की संक्षेप में व्याख्या कीजिए। *2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***15(ख)*** *के स्थान पर है।*

सकल निवेश के किन्हीं दो घटकों की व्याख्या कीजिए। *4*

**13.** (a) Define Balance of Payments (BoP) Account. *1*

(b) Differentiate between Current Account and Capital Account of Balance of Payments (BoP). *3*

**14.** Read the following text carefully :

"With an objective to improve the growth momentum by stimulating domestic private consumption and investment, the Reserve Bank of India (RBI) announced a reduction in Cash Reserve Ratio (CRR) by 100 basis points (1%)."

Based on the above text and common understanding, answer the following questions :

(i) Explain the likely cause behind the step taken by the Reserve Bank of India (RBI). *2*

(ii) Briefly explain the impact of the step taken by the Reserve Bank of India (RBI) on the Aggregate Demand (AD). *2*

**15.** (a) A company named Tech Info Ltd. manufactures printers. The company purchases machinery from Germany to manufacture printers. These printers are sold in the domestic and foreign markets to households and dealers. The machinery purchased and printers manufactured, both can be classified as final goods.

Do you agree with the given statement ? Give valid arguments in support of your answer. *4*

**OR**

(b) (i) Define Gross Investments. *1*

(ii) Identify any two components of Gross Investments indicated in the given image. *1*

**GROSS INVESTMENTS**

| PANEL A | PANEL B | PANEL C |
|---|---|---|
|  |  |  |

(iii) Briefly explain any one component of Gross Investments. *2*

***Note :*** *The following question is for* ***Visually Impaired candidates*** *only in lieu of Q. no.* ***15 (b)****.*

Explain any two components of Gross Investments. *4*

**16.** निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए :

आर्थिक सर्वेक्षण 2024 – 25 के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 – 26 के लिए सरकार के बजट अनुमानों में यह इंगित किया गया है कि, सकल प्रत्यक्ष कर राजस्व में 12·7% की वृद्धि होगी, जबकि सकल अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2024 – 25 की तुलना में 8·3% से बढ़ने की संभावना है।

प्रत्यक्ष करों में आयकर व निगम कर सम्मिलित होते हैं, जो कि गृहस्थों व फर्मों द्वारा अर्जित आय व लाभ को दर्शाते हैं। ये सरकार की राजस्व वृद्धि में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अप्रत्यक्ष करों में वस्तु व सेवा कर (GST), सीमा शुल्क व अन्य लेनदेन-आधारित शुल्क सम्मिलित होते हैं।

प्रत्यक्ष करों के लिए अनुमानित उच्च वृद्धि दर बेहतर अनुपालन व सुधारों के माध्यम से कर उत्प्लावन (Tax Buoyancy) की वृद्धि की दिशा में एक कदम है। दूसरी ओर, अप्रत्यक्ष करों को उपभोग प्रवृत्तियों व वस्तु व सेवा कर (GST) प्रशासन में सुधार से लाभान्वित होने की उम्मीद है। एक संतुलित कर रणनीति का उद्देश्य राजकोषीय सुदृढ़ीकरण व सतत आर्थिक विकास को समर्थन देते हुए संसाधन जुटाना है।

उपर्युक्त गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) उपर्युक्त गद्य में इंगित दो प्रकार के करों के मध्य उपयुक्त उदाहरणों सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। *4*

(ii) सरकार द्वारा दिए गए कर अनुमानों के संभावित परिणामों की विस्तार से व्याख्या कीजिए। *2*

**17.** (क) मान लीजिए, किसी काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए, निम्नलिखित आँकड़े दिए गए हैं :

| आय (Y) | उपभोग (C) | निवेश (I) | समग्र माँग (AD) |
|---|---|---|---|
| 0 | 50 | 40 | 90 |
| 100 | 120 | 40 | – |
| 200 | 190 | 40 | – |
| 300 | 260 | 40 | 300 |

(i) दी गई तालिका में लुप्त मानों (missing values) की गणना कीजिए। *1*

(ii) 'प्रभावी माँग' को परिभाषित कीजिए। *2*

(iii) दिए गए आँकड़ों के आधार पर, यह कहा जा सकता है कि आय का संतुलन स्तर 200 है।

क्या आप सहमत हैं ? यदि नहीं, तो आय के संतुलन स्तर को प्राप्त करने के लिए अपनाई जाने वाली समायोजन प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए। *3*

**अथवा**

**16.** Read the following passage carefully :

According to the Economic Survey 2024 – 25, the government's budget projections for the fiscal year 2025 – 26 indicate that gross direct tax revenue will rise by 12·7%, while gross indirect tax collections are expected to grow by 8·3% relative to FY 2024 – 25.

Direct taxes include income tax and corporate tax, reflecting earnings and profits of households and firms. It plays a key role in revenue growth of the government. Indirect taxes encompass Goods and Service Tax (GST), custom duties and other transaction-based levies.

Higher growth rate projected for direct taxes suggests a push to enhance tax buoyancy through improved compliance and reforms. On the other hand, indirect taxes are expected to benefit from consumption trends and Goods and Services Tax (GST) administration improvements. The balance tax strategy aims to mobilise resources while supporting fiscal consolidation and sustainable economic growth.

On the basis of the above passage and common understanding, answer the following questions :

(i) Differentiate between the two types of taxes indicated in the above text, with suitable examples. *4*

(ii) Elaborate the likely consequences of the tax projections made by the government. *2*

**17.** (a) Assuming for a hypothetical economy, the following data is given :

| Income (Y) | Consumption (C) | Investment (I) | Aggregate Demand (AD) |
|---|---|---|---|
| 0 | 50 | 40 | 90 |
| 100 | 120 | 40 | – |
| 200 | 190 | 40 | – |
| 300 | 260 | 40 | 300 |

(i) Calculate the missing values in the given schedule. *1*

(ii) Define the term 'Effective Demand'. *2*

(iii) On the basis of the given data, it can be said that the equilibrium level of income is 200.

Do you agree ? If not, explain the adjustment mechanism that may take place to attain equilibrium level of income. *3*

**OR**

(ख) मान लीजिए कि, किसी अर्थव्यवस्था में, निवेश व्यय में प्रत्येक ₹ 2 की वृद्धि से राष्ट्रीय आय में ₹ 8 की वृद्धि होती है।

निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(i) निवेश गुणक (K) का मूल्य। *1*

(ii) उपभोग व्यय में परिवर्तन, यदि आय ₹ 200 से ₹ 300 हो जाती है। *3*

(iii) "औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) व औसत बचत प्रवृत्ति (APS) का योग सदैव इकाई के बराबर होता है।"

उपयुक्त तर्क की सहायता से दिए गए कथन की पुष्टि कीजिए। *2*

## खण्ड ख

## भारतीय आर्थिक विकास

**18.** औपनिवेशिक शासन के दौरान निर्यात अधिशेष का उपयोग अंग्रेज़ों द्वारा __________ किया गया। *1*

(i) भारत में सोना व चाँदी लाने के लिए

(ii) युद्ध का व्यय उठाने के लिए

(iii) अदृश्य मदों के आयात के लिए

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) केवल (i) (B) (i) और (ii)

(C) (i) और (iii) (D) (ii) और (iii)

**19.** 1950 में भारत सरकार द्वारा, संसाधनों के सबसे प्रभावी व संतुलित उपयोग के लिए योजनाएँ लागू करने के लिए __________ की स्थापना की गई थी। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) नीति आयोग (B) योजना आयोग

(C) कर्वे समिति (D) विश्व व्यापार संगठन

**20.** पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सी धारणीय विकास की एक रणनीति ***नहीं*** है । *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) सौर-पैनलों का उपयोग

(B) जैव-कीट का उपयोग

(C) विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग

(D) लघु-जल-विद्युत संयंत्रों का उपयोग

(b) Suppose in an economy, every ₹ 2 increase in investment expenditure leads to an increase of ₹ 8 in the National Income.
Calculate the following :

(i) Value of Investment Multiplier (K). *1*

(ii) Change in consumption expenditure, if income changes from ₹ 200 to ₹ 300. *3*

(iii) "Sum of Average Propensity to Consume (APC) and Average Propensity to Save (APS) is always equal to one."
Justify the given statement with the help of a suitable argument. *2*

## SECTION B
## Indian Economic Development

**18.** The export surplus during the colonial rule was used by the Britishers to ________. *1*

(i) Bring gold and silver to India

(ii) Incur expenses on war

(iii) Import invisible items

(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) Only (i) (B) (i) and (ii)

(C) (i) and (iii) (D) (ii) and (iii)

**19.** __________ was set up by the Government of India in 1950 to formulate plans for the most effective and balanced utilisation of resources. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) NITI Aayog (B) Planning Commission

(C) Karve Committee (D) World Trade Organisation

**20.** Identify, which of the following is ***not*** a strategy of sustainable development. *1*

(Choose the correct option)

(A) Use of Solar Panels

(B) Use of Bio-Pests

(C) Use of coal to produce electricity

(D) Use of Mini-Hydel Plants

**21.** ग्रामीण क्षेत्रों में, पशुधन, मत्स्यपालन व अन्य ग़ैर-कृषि गतिविधियों जैसे नवीन क्षेत्रों की ओर विविधीकरण __________ के लिए आवश्यक है। *1*

(i) कृषि क्षेत्र में जोखिम को कम करने

(ii) असंवहनीय (unsustainable) आजीविका विकल्प प्रदान करने

(iii) पूरक रोजगार प्रदान करने

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

**विकल्प :**

(A) केवल (i) (B) (i) और (ii)

(C) (i) और (iii) (D) (i), (ii) और (iii)

**22.** स्वयं-सहायता समूह (SHGs) का प्रादुर्भाव औपचारिक साख प्रणाली में रह गई कमियों को दूर करने के लिए हुआ है, क्योंकि ये __________ । *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) उपयुक्त जमानत (collateral) प्राप्त करने के बाद ऋण देते हैं

(B) उच्च ब्याज दर पर ऋण देते हैं

(C) बड़े अनुपात में मितव्ययिता को प्रोत्साहन देते हैं

(D) प्राय: सदस्यों को जमानत-मुक्त ऋण प्रदान करते हैं

**23.** विभिन्न औद्योगिक प्रभागों में कार्यरत व्यक्तियों को तीन प्रमुख क्षेत्रों में वर्गीकृत किया जा सकता है — प्राथमिक क्षेत्र, द्वितीयक क्षेत्र तथा तृतीयक क्षेत्र।

पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प प्राथमिक क्षेत्र को दर्शाता है। *1*

(A) कृषि

(B) कृषि, खनन व उत्खनन

(C) कृषि, विद्युत, गैस व जल आपूर्ति

(D) परिवहन व भंडारण

**24.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन I :* भारत के व्यवस्थित विऔद्योगीकरण के पीछे औपनिवेशिक सरकार के दोहरे ध्येय थे।

*कथन II :* अंग्रेज़ों ने भारत को अपने आधुनिक उद्योगों के लिए कच्चे माल के आयातक मात्र तक सीमित कर दिया था।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन I सत्य है और कथन II असत्य है।

(B) कथन I असत्य है और कथन II सत्य है।

(C) कथन I और II दोनों सत्य हैं।

(D) कथन I और II दोनों असत्य हैं।

**21.** In the rural areas, diversification towards new areas such as livestock, fisheries and other non-agricultural activities is necessary to __________. *1*

(i) Reduce the risk from agricultural sector

(ii) Provide unsustainable livelihood options

(iii) Provide supplementary employment

(Choose the correct option to fill in the blank)

**Options :**

(A) Only (i)
(B) (i) and (ii)
(C) (i) and (iii)
(D) (i), (ii) and (iii)

**22.** Self-Help Groups (SHGs) have emerged to fill the gap in the formal credit system as they ____________. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) Provide loan after obtaining suitable collateral
(B) Lend at a high rate of interest
(C) Promote thrift in larger proportions
(D) Generally provide collateral-free credit to their members

**23.** Working persons engaged in various industrial divisions can be classified into three major sectors — Primary sector, secondary sector and tertiary sector.

Identify, which of the following option demonstrates the primary sector. *1*

(A) Agriculture
(B) Agriculture, mining and quarrying
(C) Agriculture, electricity, gas and water supply
(D) Transport and storage

**24.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement I :* The colonial government had dual objectives behind the systematic deindustrialization of India.

*Statement II :* The British reduced India to a mere importer of raw materials for the its modern industries.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement I is true and Statement II is false.
(B) Statement I is false and Statement II is true.
(C) Both Statements I and II are true.
(D) Both Statements I and II are false.

**25.** निम्नलिखित तालिका एक गाँव में जनसंख्या व श्रमिकों के वितरण को प्रदर्शित करती है :

| कुल जनसंख्या | उन व्यक्तियों की संख्या जो कार्य में इच्छुक व सक्षम हैं | उन व्यक्तियों की संख्या जो कार्यरत (नियुक्त) हैं |
|---|---|---|
| 2000 | 1200 | 800 |

गाँव के लिए श्रमिक – जनसंख्या अनुपात __________% होगा। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) 80 (B) 40

(C) 60 (D) 20

**26.** 2009 में, भारत सरकार ने 6 – 14 वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए नि:शुल्क शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाने के लिए __________ पारित किया था। *1*

(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) मध्याह्न भोजन योजना (B) जन धन योजना

(C) तपस मजूमदार समिति (D) शिक्षा का अधिकार अधिनियम

**27.** निम्नलिखित कथनों : अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* भारत विभिन्न क्षेत्रीय व आर्थिक समूहों जैसे ब्रिक्स, जी-20 आदि का सदस्य है।

*कारण (R) :* आर्थिक व क्षेत्रीय समूहों की सदस्यता किसी राष्ट्र को अन्य राष्ट्रों की तुलना में अपनी शक्तियों व कमजोरियों को समझने में सहायता करती है।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है।

**25.** The following table shows the distribution of population and workers in a village :

| Total population | Number of people who are willing and able to work | Number of people who are employed |
|---|---|---|
| 2000 | 1200 | 800 |

The Worker – Population ratio for village would be __________%. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) 80 (B) 40

(C) 60 (D) 20

**26.** In 2009, the Government of India came up with the ________ to make free education, a fundamental right for all children in the age group of 6 – 14 years. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) Mid-Day Meal Scheme (B) Jan Dhan Yojana

(C) Tapas Majumdar Committee (D) Right to Education Act

**27.** Read the following statements : Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from those given below : *1*

*Assertion (A) :* India is a member of various regional and economic groupings such as BRICS, G20, etc.

*Reason (R) :* Membership of economic and regional groupings helps a nation to understand their strengths and weaknesses in comparison to other nations.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**28.** (क) "स्वतंत्रता के समय, भारत व पाकिस्तान दोनों को समान औपनिवेशिक आर्थिक संरचनाएँ विरासत में मिली थीं। दोनों राष्ट्रों ने आर्थिक नियोजन की कई एक जैसी रणनीतियाँ अपनाई थीं।"

भारत व पाकिस्तान के विकास पथ में ऐसी किन्हीं दो समानताओं की व्याख्या कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) "1958 में, चीन ने एक निश्चित उद्देश्य के साथ ग्रेट लीप फॉरवर्ड (GLF) अभियान प्रारंभ किया।"

(i) ग्रेट लीप फॉरवर्ड (GLF) अभियान की शुरुआत के पीछे का तर्काधार बताइए। *2*

(ii) ग्रेट लीप फॉरवर्ड (GLF) अभियान की किन्हीं दो विफलताओं का उल्लेख कीजिए। *1*

**29.** "समानता के साथ संवृद्धि" के योजना उद्देश्य की व्याख्या कीजिए। *3*

**30.** दिए गए आँकड़ों के आधार पर, भारत व चीन के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वार्षिक वृद्धि पर टिप्पणी कीजिए। *4*

| सकल घरेलू उत्पाद की वार्षिक वृद्धि (%), 1980 – 2017 | | | |
|---|---|---|---|
| देश | 1980 – 90 | 2015 – 2017 | 2022 |
| भारत | 5·7 | 7·3 | 7·0 |
| चीन | 10·3 | 6·8 | 3·0 |
| पाकिस्तान | 6·3 | 5·3 | 4·8 |

**31.** (क) (i) 'मानव पूँजी निर्माण' को परिभाषित कीजिए। *1*

(ii) मानव पूँजी निर्माण के स्रोत के रूप में 'सूचना पर व्यय' की व्याख्या कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) श्रुति एक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक में एक क्लर्क के रूप में कार्यरत है। उसे एक निश्चित मासिक वेतन, भविष्य निधि, सेवानिवृत्ति लाभ तथा स्वास्थ्य बीमा प्राप्त होते हैं। उसका भाई, रमेश ऑटो-रिक्शा चालक है। उसकी दैनिक कमाई यात्रियों की संख्या पर निर्भर करती है। उसे किसी भी प्रकार की सवेतन अवकाश, पेंशन आदि जैसी सुविधाएँ प्राप्त नहीं होती हैं।

श्रुति व रमेश जिन क्षेत्रों में कार्यरत हैं, उनके प्रकारों को वर्गीकृत कीजिए तथा दोनों क्षेत्रों के मध्य अंतर को उजागर कीजिए। *4*

**28.** (a) "At the time of independence, both India and Pakistan inherited similar colonial economic structures. Both the nations adopted many similar economic planning strategies."
Explain any two such similarities in the developmental path of India and Pakistan. *3*

**OR**

(b) "In 1958, China launched the Great Leap Forward (GLF) campaign with a definite aim."
(i) State the rationale behind the introduction of the Great Leap Forward (GLF) campaign. *2*
(ii) State any two failures of the Great Leap Forward (GLF) campaign. *1*

**29.** Explain the Planning objective of "Growth with Equity". *3*

**30.** On the basis of the given data, comment upon the annual growth of Gross Domestic Product (GDP) of India and China. *4*

| Annual Growth of Gross Domestic Product (%), 1980 – 2017 | | | |
|---|---|---|---|
| Country | 1980 – 90 | 2015 – 2017 | 2022 |
| India | 5·7 | 7·3 | 7·0 |
| China | 10·3 | 6·8 | 3·0 |
| Pakistan | 6·3 | 5·3 | 4·8 |

**31.** (a) (i) Define 'Human Capital Formation'. *1*
(ii) Explain 'Expenditure on Information' as a source of human capital formation. *3*

**OR**

(b) Shruti works in a public sector bank as a clerk. She gets a fixed monthly salary, provident fund, retirement benefits and health insurance. Her brother, Ramesh, drives an auto-rickshaw. His daily earnings depend on the number of passengers. He does not receive benefits like paid leave, pension etc.

Classify the types of sectors Shruti and Ramesh are working in and highlight the distinction between the two sectors. *4*

**32.** निम्नलिखित चित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *4*




दिए गए चित्र की व्याख्या कीजिए और परिवर्तित उत्पादन व उपभोग रूपरेखा के परिणामस्वरूप पर्यावरण संकट की परिघटना पर टिप्पणी कीजिए।

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***32*** *के स्थान पर है।*

"पर्यावरण संकट एक हाल ही की परिघटना है, जो उत्पादन व उपभोग रूपरेखा में परिवर्तन का परिणाम है।" मान्य तर्क देते हुए, इस कथन की पुष्टि कीजिए। *4*

**33.** निम्नलिखित गद्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

**परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY)**


परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY) का उद्देश्य जैविक कृषि को प्रोत्साहित करना है, जिसके परिणामस्वरूप मृदा स्वास्थ्य में सुधार होता है। यह 'भागीदारी गारंटी प्रणाली – भारत' (PGS – India) को प्रोत्साहित करता है, जो एक सरल प्रमाणन प्रणाली है, जहाँ कृषक व उपभोक्ता सीधे प्रक्रिया में भाग लेते हैं।

इस योजना में 2025 – 26 तक अतिरिक्त 6,00,000 हेक्टेयर क्षेत्र को जैविक कृषि के अंतर्गत लाने का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य पर्यावरण-अनुकूल, अल्प-लागत वाली तकनीकों को अपनाकर रसायनों व कीटनाशक अपशिष्टों से मुक्त कृषि उत्पादों का उत्पादन करना है।

परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY) के प्रमुख केन्द्र-बिंदु क्षेत्र हैं :

- प्राकृतिक संसाधन आधारित एकीकृत व जलवायु अनुकूल धारणीय कृषि प्रणाली को प्रोत्साहन देना, जिससे मृदा उर्वरता का रखरखाव व वृद्धि, प्राकृतिक संसाधन संरक्षण, कृषि पोषक-तत्त्वों का पुन:-चक्रण व बाह्य आगतों (कारकों) पर निर्भरता को न्यूनतम करना सुनिश्चित हो सके।
- धारणीय जैविक पद्धतियों के माध्यम से कृषि लागत को कम करना तथा कृषकों की आय में वृद्धि करना।

**32.** Study the following image carefully : *4*




Interpret the given image and comment upon the phenomenon of environmental crisis as a result of changed production and consumption patterns.

***Note :** The following question is for **Visually Impaired candidates** only in lieu of Q. no. **32**.*

"Environmental crisis is a recent phenomenon, which is a result of changing production and consumption patterns."

Justify the statement giving valid arguments. *4*

**33.** Read the following passage carefully :

**Paramparagat Krishi Vikas Yojana (PKVY)**

Paramparagat Krishi Vikas Yojana (PKVY) aims at promoting organic farming, in turn resulting in improvement of soil health. It promotes Participatory Guarantee System – India (PGS – India), a simple certification system, where farmers and consumers participate directly in the process.

The scheme proposes to cover additional 6,00,000 hectare area under organic farming till 2025 – 26. The objective is to produce agricultural products free from chemicals and pesticide residues by adopting eco-friendly, low-cost technologies.

Key focus areas of Paramparagat Krishi Vikas Yojana (PKVY) :

- Promote natural resource based integrated and climate resilient sustainable farming systems that ensure maintenance and increase of soil fertility, natural resource conservation, on farm nutrients recycling and minimising dependence on external inputs.
- Reduce farming costs and increase farmers' income through sustainable organic practices.

- मानव उपभोग के लिए रसायन-मुक्त व पौष्टिक भोजन प्रदान करना।
- अल्प-लागत वाली, पारंपरिक व कृषक-अनुकूल प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके पर्यावरण की सुरक्षा करना।
- स्थानीय व राष्ट्रीय बाज़ारों के साथ प्रत्यक्ष बाज़ार संपर्क के माध्यम से कृषकों को उद्यमी बनने में सहायता करना।

उपर्युक्त गद्य तथा सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) जैविक कृषि को परिभाषित कीजिए। जैविक कृषि के किन्हीं दो लाभों की व्याख्या कीजिए। *1+2*

(ii) जैविक कृषि में परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY) के किन्हीं दो महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों की व्याख्या कीजिए। *3*

**34.** (क) (i) "औद्योगिक नीति संकल्प (IPR), 1956 ने सभी उद्योगों को राज्य के स्वामित्व व नियंत्रण पर आधारित विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया था।"

क्या आप उपर्युक्त कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य कारण दीजिए। *3*

(ii) 'आत्मनिर्भर भारत पहल', उसी आत्मनिर्भरता की भावना को अग्रगामी करती है, जिसे सरकार ने 1947 के उपरांत अपनाया था।

दिए गए कथन के आलोक में, यह स्पष्ट कीजिए कि स्वतंत्रता उपरांत आत्मनिर्भरता को एक महत्त्वपूर्ण योजना उद्देश्य क्यों माना गया था। *3*

**अथवा**

(ख) (i) "भारत सरकार चालू वित्त वर्ष में भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) में अपनी हिस्सेदारी को और अधिक विनिवेश में ला सकती है।"

1991 के उपरांत आर्थिक सुधारों के आलोक में, सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की पहचान कीजिए और परिभाषित कीजिए। *2*

(ii) "भारत ने नियोजन अवधि के दौरान अंतर्मुखी व्यापार रणनीति अपनाई थी।"

(I) इस नीति को अपनाने के पीछे के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए। *1*

(II) ऐसे किन्हीं दो तरीकों का संक्षेप में वर्णन कीजिए जिनमें सरकार ने इस नीति को लागू किया था। *3*

- Chemical-free and nutritious food for human consumption.
- Protect the environment by using low-cost, traditional and farmer-friendly technologies.
- Help farmers become entrepreneurs through direct market linkages with local and national markets.

On the basis of the above passage and common understanding, answer the following questions :

(i) Define Organic Farming. Explain any two merits of organic farming. *1+2*

(ii) Explain any two thrust areas of Paramparagat Krishi Vikas Yojana (PKVY) in organic farming. *3*

**34.** (a) (i) "The Industrial Policy Resolution (IPR), 1956 classified all the industries based on state ownership and control in various categories."

Do you agree with the above statement ? Give valid reasons in support of your answer. *3*

(ii) The 'Atmanirbhar Bharat Initiative' carries forward the same spirit of self-reliance, which was adopted by the Government after 1947.

In the light of the given statement, explain why self-reliance was considered as an important planning objective after independence. *3*

**OR**

(b) (i) "The Government of India may further divest its stake in Life Insurance Corporation (LIC) in the current financial year."
In the light of economic reforms since 1991, identify the policy and define the step taken by the government. *2*

(ii) "India adopted an inward-looking trade strategy during the planning period."

(I) State any two reasons behind the adoption of this policy. *1*

(II) Briefly describe any two ways in which the government implemented this policy. *3*